भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2146

उत्तर देने की तारीख 15 मार्च, 2022
24 फाल्गुन, 1943 (शक)

शीतकालीन ओलंपिक खेल

2146. श्री प्रताप सिम्हा:
डॉ. उमेश जी. जाधव:
श्री तेजस्वी सूर्या:
श्री कराडी सनगन्ना अमरप्पा:
श्री बी.वाई. राघवेन्द्र:
श्री एस. मुनिस्वामी:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारत से केवल एक व्यक्ति बीजिंग 2022 में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक खेलों के लिए पात्र पाया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और शीतकालीन ओलंपिक में भारत के खिलाड़ियों की इतनी खराब पात्रता रेटिंग के क्या कारण हैं;

(ग) सरकार द्वारा देश में शीतकालीन खेल महासंघ के गठन के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(घ) सरकार द्वारा शीतकालीन खेलों में प्रदर्शन सुधारने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) जी हां ।

(ख) भारत से केवल एक एथलीट श्री आरिफ मोहम्मद खान ने बीजिंग 2022 में शीतकालीन ओलंपिक खेलों में अल्पाइन स्कीइंग में भाग लेने के लिए अर्हता प्राप्त की थी । इस एथलीट की

भागीदारी इंटरनेशनल स्की फेडरेशन की 'कोटा भागीदारी' के आधार पर थी । शीतकालीन ओलंपिक खेलों में व्यक्तियों/ टीमों की भागीदारी संबंधित राष्ट्रीय परिसंघों से संबंधित वैयक्तिक एथलीटों/ टीमों द्वारा अर्हता मानकों की प्राप्ति पर निर्भर करती है । इसके अलावा, जो खेल शीतकालीन ओलंपिक का हिस्सा हैं, वे बहुत कम भारतीय राज्यों जैसे हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश तक सीमित हैं और शीतकालीन खेल मौसमी होने के कारण बहुत कम एथलीट शीतकालीन खेलों में भाग लेते हैं।

(ग) खेल विधा विशेष के संवर्धन और विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से संबंधित राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) का है । सरकार मान्यता प्राप्त एनएसएफ को राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने, भारत में अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के आयोजन, अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भारतीय खिलाड़ियों/ टीमों की तैयारी और प्रतिभागिता, उपकरण सहायता आदि के लिए एनएसएफ को सहायता की स्कीम के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों की पूर्ति करती है । राष्ट्रीय स्तर के खेल निकायों को सरकारी मान्यता प्रदान की जाती है, जो उन्हें सरकार से वित्तीय और अन्य सहायता के लिए पात्र बनाती है । जब भी राष्ट्रीय स्तर के परिसंघों से कोई व्यवहार्य प्रस्ताव प्राप्त होता है, ऐसे प्रस्तावों पर भारतीय राष्ट्रीय खेल विकास संहिता, 2011 के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार विचार किया जाता है । वर्तमान में, शीतकालीन खेलों के लिए किसी भी एनएसएफ को मान्यता नहीं दी गई है ।

(घ) शीतकालीन खेलों के संवर्धन और विकास के उद्देश्य से, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने गुलमर्ग (जम्मू और कश्मीर) में खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का आयोजन किया है । पहले खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 7-11 मार्च 2020 तक आयोजित किए गए थे, जिसमें स्नो स्कीइंग, स्नो रग्बी, स्नो आइस स्टॉक, स्नो बेसबॉल, स्नो माउंटेनियरिंग, स्नो शू, आइस हॉकी की खेल विधाओं में 955 एथलीटों ने भाग लिया था । दूसरे, खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 26 फरवरी से 2 मार्च, 2021 तक गुलमर्ग, जम्मू और कश्मीर में आयोजित किए गए थे जिसमें स्नो स्की, आइस हॉकी, आइस स्टॉक, स्नो शू, स्नो स्की माउंटेनियरिंग, आइस स्केटिंग की खेल विधाओं में 787 प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

****